>

Title: Need to start work on new railway line connecting on Belraya, Palia Kala, Singhai and Nighasan, U.P.

श्री अजय मिश्र टेनी (खीरी): माननीय अध्यक्ष जी, मेरे लोक सभा क्षेत्र लखीमपुर खीरी में रेल मार्ग मैलानी-बहराइच है, जो जंगल से होकर गुजरता है और आमान परिवर्तन, उसका एनओसी वन विभाग से नहीं मिल पाने के कारण नहीं हो सका है, इससे हमारे जिले की रेल सेवा प्रभावित हुई है और एक बड़ा भू-भाग रेलवे सेवा से वंचित हो रहा था, जिसमें रेल मंत्रालय ने एक वैकल्पिक मार्ग के तौर पर पलिया, निघासन, बेलरायां और सिंघाई रेल मार्ग की घोषणा की है । जिसका सर्वे प्रारम्भ हो गया है । मैं आपके माध्यम से सरकार से माँग करता हूँ कि उक्त मार्ग का सर्वे शीघ्र पूरा करवाकर बेलरायां, पलिया कलां, सिंघाई और निघासन रेल मार्ग को शीघ्र प्रारम्भ किया जाए ।

माननीय अध्यक्ष: श्रीमती रेखा वर्मा को श्री अजय कुमार द्वारा उठाये गये विषय से संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।